प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482, 81030 45003
Website : ssscn.ac.in

B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923


# आवारा कुत्तों का आतंक, नगरवासी डंडा लेकर चलने को मजबूर

**गंभीर रूप से घायल 4 लोगों का अभी भी गरियाबंद और रायपुर में चल रहा उपचार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में इन दिनों आवारा कुत्तों के आतंक से ग्रामीण बेहद परेशान हो गए हैं आवारा कुत्तों का झुंड कभी भी झपट पड़ता है एक सप्ताह पहले मैनपुर नगर में एक ही दिन में 08 लोगों को अवारा कुत्तों ने बुरी तरह से काटा जिसके कारण गंभीर रूप से 04 लोगों का अभी भी गरियाबंद और रायपुर में उपचार चल रहा है। आवारा कुत्तों के आतंक के कारण नगरवासी सुबह मॉनरिंग वॉक में जाने से कतरा रहे है और रात और सुबह के समय ग्रामीण घर से निकलने से पहले हाथों में डंडा रखने को मजबुर हो रहे हैं क्योकि आवारा कुत्ता कहीं पर भी झपड़ मारता है। अचानक मैनपुर नगर व आसपास ग्रामों में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ गई है पिछले एक माह के भीतर 28 लोगों को आवारा कुत्तों ने काटा है जिसका उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। अंचलो में जैसे हरदीभाठा, नहानबिरी, भाठीगढ़, जाड़ापदर, नदीपारा, मैनपुर कला, गौरघाट, गोपालपुर, कोदोभाठ, देहारगुड़ा, दबनई सहित कई गांवो मे आवारा कुत्तो के आतंक से लोग सहमे हुए हैं। सूने मार्गो से स्कूल जाते है, रात्रि कालिन अवागमन करने वाले लोग डण्डे या पत्थर ईट लेकर रास्ता पार करते है तो वहीं ये आवारा कुत्ते सुने पन का फायदा लेकर लोगों को दौड़ाने में कसर नहीं छोड़ते है।




कुत्तों के आंतक से लोग भयभीत, पिछले छः माह में 180 लोगों को काटा
आवारा कुत्तों का आंतक, 8 लोगों को काटा, 4 गंभीर, जिला अस्पताल रिफर

### कमजोर मवेशी भी बन रहे निशाना

यह आतंक सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं है। चौक-चौराहों और रास्तों पर झुंड बनाकर बैठने वाले ये हिंसक कुत्ते पालतू मवेशियों को भी अपना शिकार बना रहे हैं। आए दिन मवेशियों को काटने की शिकायतें मिल रही हैं। छोटे-छोटे बछड़ों, बकरियों और कमजोर जानवरों को सुनसान जगहों पर अकेला पाकर ये कुत्ते उन पर टूट पड़ते हैं। इसके अलावा, रात भर कुत्तों के लगातार भौंकने और आपस में लड़ने के कोलाहल से स्थानीय निवासियों और बुजुर्गों की नींद हराम हो रही है।

**सरकारी उदासीनता : दूर-दराज के गांवों से आने वाले अनेक पात्र विद्यार्थी प्रवेश से वंचित**

# छुरा के छात्रावासों में संसाधन पूरे, फिर भी सीटें आधी; प्रवेश के लिए भटक रहे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आदिवासी अंचलों के गरीब विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए छात्रावासों और आश्रमों का संचालन तो किया जा रहा है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण उपलब्ध संसाधनों का भी पूरा लाभ बच्चों को नहीं मिल पा रहा है। छुरा विकासखंड में पिछले दो वर्षों से छात्रावासों की सीट संख्या में वृद्धि नहीं किए जाने के कारण दूर-दराज के गांवों से आने वाले अनेक पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश से वंचित होना पड़ रहा है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर और दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों के बच्चों का भविष्य दांव पर लग गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि छुरा विकासखंड में वर्तमान में संचालित 18 छात्रावासों एवं आश्रमों में से अधिकांश के पास खुद का भव्य भवन, पलंग, गद्दे, टेबल, कुर्सियां सहित अन्य आवश्यक संसाधन पर्याप्त मात्रा में धूल खा रहे हैं। इसके बावजूद विभाग पुराने स्वीकृत ढर्रे और राज्य शासन के तकनीकी नियमों का हवाला देकर कम सीटों पर ही प्रवेश दे रहा है, जिससे क्षेत्र की वास्तविक जरूरतें दम तोड़ रही हैं।






### खर्च पूरा, पर संसाधनों का सदुपयोग नहीं : शीतल ध्रुव

सर्व आदिवासी समाज के जिला सचिव शीतल ध्रुव ने मामले पर तीखी नाराजगी जताते हुए कहा कि, छात्रावासों में सीट वृद्धि को लेकर लगातार कलेक्टर एवं आदिवासी विकास आयुक्त को ज्ञापन और पत्र भेजे जा रहे हैं। जब विभाग भवन, बिजली, कर्मचारी और अन्य व्यवस्थाओं पर पूरा खर्च पहले की तरह ही कर रहा है, तो सीटें बहाल करने या बढ़ाने में सरकार को क्या अतिरिक्त कठिनाई है? सरकार करोड़ों के संसाधन डंप करके बैठी है और गरीब आदिवासी बच्चे पढ़ाई छोड़कर घर बैठने को मजबूर हैं। उन्होंने आगे कहा कि राज्य शासन एक तरफ आदिवासी और बालिका शिक्षा को प्राथमिकता देने के बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन जमीनी स्तर पर छात्रावासों में सीटें न बढ़ना इसके ठीक विपरीत स्थिति को बयां करता है। यदि नए शिक्षा सत्र में समय रहते 20 से 30 सीटें प्रत्येक प्रभावित हॉस्टल में नहीं बढ़ाई गईं, तो समाज उग्र कदम उठाने को विवश होगा।

### 50 की जगह मात्र 20 सीटों पर प्रवेश पलंग-फर्नीचर खा रहे धूल

सीट कटौती का सबसे तगड़ा झटका प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास दुल्ला को लगा है। यहां वर्तमान में केवल 20 सीटों पर ही छात्रावास का संचालन किया जा रहा है, जबकि दो वर्ष पूर्व तक इसी छात्रावास में 50 सीटों पर विद्यार्थियों का नियमित प्रवेश होता था। तत्कालीन व्यवस्था के अनुसार शासन द्वारा यहां 50 विद्यार्थियों के लिए पलंग, गद्दे, फर्नीचर और तमाम बजट आवंटित किए जा चुके हैं जो आज भी वहां मौजूद हैं। इसके बावजूद विभाग मात्र 20 बच्चों को रख रहा है, जिससे क्षेत्र के करीब 30 जरूरतमंद छात्र इस सुविधा से सीधे वंचित हो रहे हैं।

### कन्या और पोस्ट-मैट्रिक हॉस्टलों में भी हाहाकार, 20-20 अतिरिक्त सीटों की मांग

यही स्थिति प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास की भी है, जहां वर्तमान में स्वीकृत 50 सीटों के मुकाबले कम से कम 20 अतिरिक्त सीटों की तत्काल आवश्यकता है। वहीं, छुरा मुख्यालय के पोस्ट-मैट्रिक बालक एवं कन्या छात्रावासों में भी कॉलेज स्तर की पढ़ाई के लिए 20-20 सीट बढ़ाने की मांग लंबे समय से लंबित है। अकलवारा और दुल्ला के अन्य हॉस्टलों की क्षमता भी वर्तमान में क्षेत्र की जनसंख्या और जरूरत के अनुरूप नहीं है।

# यातायात नियम का उल्लघंन, 6 बसें जब्त, 7 नाबालिग चालक पकड़े गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गरियाबंद पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से निजी स्कूलों की बसों और नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाली 6 स्कूल बसों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई, जबकि सड़क पर वाहन चलाते मिले 7 नाबालिग विद्यार्थियों पर भी कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन में शहर के विभिन्न मार्गों और निजी स्कूलों में आकस्मिक जांच की गई। इस दौरान श्रद्धा पब्लिक स्कूल, द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल और एंग्लो एंजल्स पब्लिक स्कूल की कुल 18 बसों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कई बसों का फिटनेस प्रमाणपत्र समाप्त मिला, वहीं कुछ बसों में लगे अग्निशमन यंत्र भी एक्सपायर पाए गए। इन खामियों पर परिवहन विभाग ने मौके पर ही चालान जारी कर कार्रवाई की। अभियान के दौरान सड़क पर वाहन चलाते हुए 7 स्कूली नाबालिग भी पकड़े गए, जिनके विरुद्ध यातायात पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की। गरियाबंद पुलिस और परिवहन विभाग ने सभी स्कूल प्रबंधन को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने नाबालिग बच्चों को किसी भी परिस्थिति में दोपहिया या चारपहिया वाहन चलाने के लिए न दें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए इस तरह का जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### विधायक रोहित साहू आज छुरा प्रवास पर

छुरा। राजिम विधायक रोहित साहू शनिवार, 11 जुलाई को छुरा प्रवास पर रहेंगे। वे प्रातः 11:00 बजे छुरा विश्राम गृह में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। इसके पश्चात दोपहर 2:00 बजे छुरा विकासखंड के सरपंचों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न विकासात्मक विषयों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही पंचायतों के समग्र विकास को गति देने के लिए आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर ने बताया कि जनदर्शन के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं का मौके पर निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में जनदर्शन में पहुंचकर अपनी समस्याएं रखने तथा सभी सरपंचों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित रहने की अपील की है।

### पुल से बाइक गिरी घायल को मिली डायल 112 की मदद

छुरा। डायल 112 में तैनात आरक्षक यशवंत त्रिवेंद्र एवं चालक जगेश्वर निर्मलकर को सूचना मिला की कोसमबुड़-सारागांव मार्ग पर सड़क हादसा हुआ है। जहां पुल टूटने के कारण एक मोटर सायकल का चालक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया था। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे डायल 112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे निकाला और अस्पताल पहुंचाया। डायल 112 के पुलिस जवानों ने मोबाइल फोन की मदद से उसके परिजनों से संपर्क किया गया। सूचना मिलते ही घायल के परिजन तुरंत अस्पताल के लिए रवाना हुए। समय पर मदद मिलने और युवक की जान बचाने के लिए परिजनों ने डायल 112 की टीम और स्थानीय प्रशासन का दिल से आभार व्यक्त किया है। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर का आमजन से अपील गरियाबंद जिले में डायल 112 की सुविधा 24X7 उपलब्ध है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप सभी डायल 112 की मदद ले सकते है।

# बारिश थमते ही खेतों में लौटी रौनक धान की बोआई ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा



क्षेत्र में विगत तीन दिन पूर्व हुई भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। लगातार वर्षा से खेतों में काम प्रभावित हुआ और किसानों को धान की बोवाई का कार्य कुछ समय के लिए रोकना पड़ा। हालांकि मौसम साफ होने के बाद अब किसान पूरे उत्साह के साथ खेतों में उतर गए हैं। इन दिनों किसान खेतों की मताई कर धान की बोवाई में जुटे हुए हैं। सुबह से शाम तक खेतों में किसानों की चहल-पहल देखने को मिल रही है। कृषि कार्यों में तेजी आने से ग्रामीण क्षेत्रों में एक बार फिर रौनक लौट आई है। ग्राम सरकड़ा के किसान धनलाल साहू का कहना है कि समय पर हुई बारिश से खेतों में पर्याप्त पानी उपलब्ध है, जिससे धान की खेती के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ बनी हैं। मौसम अनुकूल रहा तो इस वर्ष अच्छी पैदावार की उम्मीद है।क्षेत्र के अधिकांश गांवों में धान की बोवाई का कार्य तेज गति से जारी है। किसान समय पर खेती का काम पूरा करने में जुटे हुए हैं ताकि आगामी फसल बेहतर हो सके।

# पीएम श्री सोमवारी बाजार स्कूल से निकाला नाली का मलबा, जलभराव से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

खबर का असर




शाला प्रबंधन समिति ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन, एडीबी और पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से जाम है मुख्य नाली
भारी बारिश से पीएमश्री स्कूल में भरा नाली का पानी, रसोइयों ने खाना बनाने से किया इंकार


पीएम श्री योजना के तहत संचालित शासकीय प्राथमिक शाला सोमवारी बाजार की बदहाली को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था, जिसका बड़ा असर देखने को मिला। बच्चों को गंदगी और जलभराव के बीच पढ़ाई करने की मजबूरी उजागर होते ही शिक्षा विभाग और लोक निर्माण विभाग (एडीबी) हरकत में आ गया। अभनपुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) धरमचंद जैन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वयं स्कूल पहुंचकर हालात का जायजा लिया। उनके साथ बीआरसीसी श्री साहू भी मौजूद थे। जबकि एडीबी (लोक निर्माण विभाग) के सुपरवाइजर वासुदेव भी मौके पर पहुंचे और जेटिंग मशीन से वर्षों से जाम पड़ी नालियों की सफाई शुरू कराई। एडीबी के सुपरवाइजर और सफाई कर्मचारियों ने जेटिंग मशीन से करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नाली से जमा मलबा और गाद निकाली गई, जिसके बाद स्कूल परिसर एवं आसपास में भरा पानी तेजी से बाहर निकलने लगा। अधिकारियों ▶▶| शेष पेज 10 पर

**जिले में 715 अभ्यर्थी होंगे शामिल, दो परीक्षा केंद्र बनाए गए**

# 12 को होगी सूबेदार, उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर की प्रारंभिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचें अभ्यर्थी, पहचान पत्र लाना अनिवार्य
- मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं आभूषण पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध



छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमांडर की प्रारंभिक परीक्षा रविवार, 12 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक आयोजित की गई है। परीक्षा के लिए जिले में कुल 02 परीक्षा परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिसमें गरियाबंद जिले के कुल 715 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा भेड़िया को नोडल अधिकारी एवं सहायक अधीक्षक श्री विजय सिंह धुरव को सहायक नोडल अधिकारी को बनाया गया है। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिला स्तरीय उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है। परीक्षार्थियों को अपने प्रवेश पत्र के साथ स्वयं के पहचान के लिए वोटर आईडी, आधार कार्ड, ई-आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस की मूल प्रति साथ लाने के निर्देश दिये गये हैं। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा हाल में मोबाईल, केल्कुलेटर, डिजीटल घड़ी एवं कंपास या पाउच लाना वर्जित है। परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र में दिये गये निर्देश का अध्ययन करें एवं दिये गये निर्देशों का पालन करें। परीक्षा प्रारंभ ▶▶| शेष पेज 10 पर


अग्रसेन प्रा. आई.टी. आई
BHILAI | DHANORA
ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
FITTER (2 Year 10th Pass)
C.O.P.A. (Computer) (1 Year 10th Pass)
छत्तीसगढ़ राज्य की बालिकाओं एवं महिलाओं को COPA ट्रेड में निशुल्क प्रशिक्षण
Affiliated By: N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत / भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्रा - छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25% की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड़ कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

**खबर संक्षेप**



## टेलुराम प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य नियुक्त

**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेलुराम कश्यप को नियुक्त किया गया है यह नियुक्ति भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री डॉ नवीन मारकण्डेय एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से किया गया है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त होने पर टेलुराम कश्यप ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए संगठन द्वारा दिए गए जिम्मेदारी पर खरा उतरने की बात कही है साथ ही पार्टी को मजबुत बनाने कार्य किया जायेगा।

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 31 तक

**गरियाबंद।** जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए वही विद्यार्थी पात्र होंगे जो वर्तमान में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में अध्ययनरत हैं तथा जिनकी जन्मतिथि 01 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के मध्य हो। चयन परीक्षा के लिए आवेदन नवोदय विद्यालय समिति के ऑनलाइन पोर्टल पर निर्धारित प्रारूप में किया जा सकता है। अभिभावकों एवं पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की गई है।

## प्राकृतिक आपदा के 2 प्रकरण में 4-4 लाख रुपए स्वीकृत

गरियाबंद। कलेक्टर गरियाबंद ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के दो प्रकरण में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील अमलीपदर के ग्राम मदांगमुड़ा निवासी 34 वर्षीय डोमार यादव का 14 जनवरी 2024 को डबरी में डूबकर मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन सुनादी यादव को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम केकराजोर निवासी 17 वर्षीय कैकई नेताम की 17 दिसम्बर 2024 को डबरी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन पादयराम नेताम को 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## प्रशिक्षणार्थियों को किट का वितरण

**सरायपाली।** आजीविका महाविद्यालय में संचालित जल वितरक संचालक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आश्रम टीम एंड टेक्नोलॉजी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नियमित उपस्थिति, अनुशासन एवं कौशल विकास के महत्व से अवगत कराया गया तथा उन्हें प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ उठाकर अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया गया।

### कार्यक्रम : राजिम आत्मानंद स्कूल में जन जागरूकता पखवाड़ा का समापन

# पुलिस ने छात्र-छात्राओं को सिखाए नए कानून व साइबर सुरक्षा के गुर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे 'जन जागरूकता पखवाड़ा' के अंतर्गत शासकीय पंडित राम विशाल पांडे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) राजिम में एक भव्य कार्यक्रम का समापन हुआ जिसमें विभिन्न सामाजिक आयोजन किया गया। विद्यालय के व्याख्याता सागर शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में कानून, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश दिया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजिम थाना की एसआई सरोज चवरे के साथ प्रशिक्षु एसआई दिव्या पैकरा एवं आरक्षक रवि सिदार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को नवीन कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसके अंतर्गत साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सतर्कता, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और निजी जानकारी को गोपनीय रखने की समझ दी गई।महिला सुरक्षा एवं कानून के विषय में बताते हुए बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा संबंधी विशेष कानूनों से अवगत कराया गया।हेल्पलाइन सेवाएं की जानकारी प्रदान करते हुए आपातकालीन स्थिति के लिए 112 और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) की उपयोगिता समझाई गई।

**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधा रोपण**

सायबर अपराधों के प्रति सजगता और सुरक्षा के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, 'समाधान ऐप' के माध्यम से पुलिस से जुड़ने की प्रक्रिया बताई गई।कानूनी जागरूकता के साथ पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए एक पेड़ माँ के नाम 3.0 अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस टीम, शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा आम, नीम, जामुन, काजू, गुलमोहर आदि फलदार एवं छायादार पेड़ों का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मिशन लाइफ यूथ एंड इको क्लब का विशेष सहयोग रहा। उपस्थित अतिथियों ने छात्र छात्राओं को आजीवन इन पेड़ों की देखभाल करने की प्रेरणा दी। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता एवं एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा ने किया। विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य बी. एल. ध्रुव, व्याख्याता संतोष सूर्यवंशी, कमल सोनकर, समीक्षा गायकवाड़, गोपाल देवांगन, शिक्षिका शिखा महाड़िक एवं अंजू मार्कण्डेय सहित अन्य स्टाफ सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्य बी. एल. ध्रुव ने किया। यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम रहा।

# शिव मंदिर में जनक ध्रुव ने की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर मुख्यालय से 08 किमी दूर ग्राम पंचायत गोपालपुर कोदोभाठ मे नवनिर्मित शिवमंदिर स्थापना प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे विधायक जनक ध्रुव पहुंचे और उन्होने पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख -शांति समृद्धि की कामना किया। ग्राम कोदोभाठ में पुरूषोत्तम साहू एवं फुलेश्वरी साहू परिवार द्वारा शिवमंदिर निर्माण करवाया गया है जहां 10 जुलाई से 12 जुलाई तक प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आचार्य जितेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं भरत महाराज द्वारा पूजा अर्चना किया जा रहा है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, पारेश्वर नेगी, खेलन साहू, गोपी नेताम, गयचंद कोमर्रा, सोहन नागेश, शेखर पटेल सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में रिक्त सीटों के लिए काउंसीलिंग आज से

**गरियाबंद।** संचालनालय तकनीकी शिक्षा के अनुसार शासकीय पॉलीटेक्निक गरियाबंद में संचालित डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम सिविल, मेकेनिकल एवं माइनिंग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में रिक्त सीटों के लिए संस्था स्तर पर तृतीय चरण काउंसलिंग 11 से 16 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीयन कार्य 11 जुलाई से 16 जुलाई 2026 तक और मेरिट के आधार पर सीट आबंटन 17 जुलाई 2026 तक की जाएगी। इसके पश्चात प्रवेश प्रक्रिया 18 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे से संस्था में आयोजित होगी। इच्छुक छात्र, छात्राएं विस्तृत जानकारी के लिए विभाग या कॉलेज की अधिकारिक वेबसाइट में जाकर अवलोकन कर सकते है। सभी वर्ग की छात्राओं के लिए संपूर्ण शिक्षण शुल्क माफ रहेगी।

# विधायक कॉलोनी के विरोध में आम आदमी पार्टी का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम नकटी मामले में आम आदमी पार्टी के अभनपुर विधानसभा प्रभारी मोहन चक्रधारी ने विधायक इंद्रकुमार साहू को ज्ञापन सौंपकर लगभग 85 प्रभावित परिवारों का न्यायपूर्ण पुनर्वास सुनिश्चित किए बिना कॉलोनी निर्माण की अनुमति नहीं देने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्षों से इस भूमि पर रह रहे करीब 85 गरीब और श्रमिक परिवारों के मकानों पर बुलडोजर चला दिया गया है, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित सैकड़ों लोग बेघर हो गए हैं। आम आदमी पार्टी ने इसे केवल प्रशासनिक विषय नहीं बल्कि सामाजिक न्याय और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा मामला बताया है। पार्टी ने विधायक से आग्रह किया है कि प्रस्तावित विधायक कॉलोनी को स्वीकृति देने से पहले प्रभावित परिवारों के सम्मानजनक पुनर्वास, वैकल्पिक आवास और न्यायपूर्ण समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि जनप्रतिनिधियों का सम्मान



जनता के विश्वास से बढ़ता है, न कि गरीबों को उजाड़कर बनाए गए आवासों से। श्री चक्रधारी ने कहा कि नकटी में वर्षों से बसे गरीब और श्रमिक परिवारों को उजाड़कर विधायक कॉलोनी बनाना न्यायसंगत नहीं है। हमारी मांग है कि किसी भी निर्माण कार्य से पहले सभी प्रभावित परिवारों का सम्मानजनक पुनर्वास किया जाए। जनप्रतिनिधियों को जनता के हित और सामाजिक न्याय को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शीतलापारा में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पर्यावरण संरक्षण और हरित नगर के संकल्प को साकार करने की दिशा में शुक्रवार को शहर के शीतलापारा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित कन्हैया तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। धार्मिक वातावरण में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू एवं क्षेत्र की मातृशक्तियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और लगातार घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए पौधारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी बन गई है। यदि आज हम



अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे और उनका संरक्षण करेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर जीवन मिल सकेगा। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने घर, मोहल्ले, सार्वजनिक स्थलों तथा उपलब्ध खाली भूमि पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी नियमित देखभाल भी करे। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना भी उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्तियों ने भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी सहभागिता जताते हुए अधिकाधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। सभी ने लोगों से वर्षा ऋतु का लाभ उठाकर व्यापक स्तर पर पौधारोपण करने और शहर को हरा-भरा बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने पौधों की सुरक्षा और उनके नियमित संरक्षण का संकल्प लेते हुए कहा कि हर व्यक्ति यदि अपने हिस्से का एक पौधा भी सुरक्षित रखे, तो आने वाले वर्षों में शहर की हरियाली कई गुना बढ़ सकती है। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष धनमती साहू सहित मातृशक्तियो तथा वार्डवासियों ने गुलमोहर का पौधा रोपित किया। पौधारोपण कार्यक्रम में विकास साहू, सोनू सोनी, ऊषा साहू, कीर्ति साहू, सोनिया साहू, अंजली साहू एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

# छुरा में लगाया निशुल्क नेत्र जांच व लर्निंग लाइसेंस शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के दिशा-निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करण उके और उप पुलिस अधीक्षक लितेश सिंह एवं जिला परिवहन अधिकारी योगेश्वरी वर्मा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के गरिमामय अवसर पर गरियाबंद पुलिस द्वारा जनसेवा के संकल्प के साथ एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लर्निंग लाइसेंस का आयोजन किया गया।पुलिस विभाग की इस मानवीय पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और बुनियादी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना था।शिविर में स्थानीय नागरिकों ने बढ़ हिस्सा लिया।इस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरो की टीम द्वारा शिविर में आए लोगों के नेत्र (आंखों) की विशेष जांच




चालकों की विशेष जांच

की गई। 55 लोगों नेजांच कराए, बाद मरीजों को उचित चिकित्सीय परामर्श दिया। इस शिविर में वाहन चालकों का हुआ विशेष रूप से नेत्र परीक्षण,सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य वाहन चालकों के नेत्रों की जांच की गई।डॉक्टरों की टीम ने चालकों की दृष्टि (आईसाइट) और कलर ब्लाइंडनेस का परीक्षण किया, ताकि वे सुरक्षित रूप से वाहन चला सकें। गरियाबंद पुलिस के आला अधिकारियों ने बताया कि सरदार पटेल का जीवन देश और समाज की सेवा के लिए समर्पित था। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए पुलिस विभाग ने इस कल्याणकारी शिविर का आयोजन किया है।पुलिस केवल कानून व्यवस्था ही नहीं,बल्कि सामाजिक सरोकारों और जनसेवा के कार्यों में भी हमेशा नागरिकों के साथ खड़ी है।थाना प्रभारी द्वारा साइबर अपराध के संबंध में,यातायात के संबंध में,नशा मुक्ति के संबंध में, दुर्घटना संबंधी राहगीर योजना के संबंध में आवे लोगों को जानकारी दिया, शिविर में पहुंचे नागरिकों ने पुलिस के इस मानवीय चेहरे की सराहना की और आभार व्यक्त किया। समाज सेवा शीतल ध्रुव का विशेष सहयोग रहा,नेत्र परीक्षक डॉक्टर पोशुराम साहु, यातायात पुलिस विभाग सहायक उप निरीक्षक रामाधार मरकाम,थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर गंगवाल, आरक्षक कविंद्र सिन्हा, चुमेश्वर ध्रुव,महेश धुव,भूपेंद्र ठाकुर, प्रधान आरक्षक शिवलाल तिर्की, डुगेश्वर साहू, राकेश टंडन, परिवहन सुविधा केंद्र छुरा और राजिम, पुलिस विभाग के कर्मचारी नागरिक गण आदि उपस्थित थे।




## कलेक्टर ने जोबा सोसाइटी का किया निरीक्षण

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने आदिवासी क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान ग्राम जोबा स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण कर खाद्यन वितरण व्यवस्था एवं स्टाक पंजी का अवलोकन किया साथ ही चांवल का निरीक्षण कर हितग्राहियो से चर्चा किया। हितग्राहियों ने बताया की समय पर राशन मिल रहा है कलेक्टर ने सेल्समेन को निर्देशित किया कि समय पर राशन दुकान खोलकर सभी को राशन वितरण किया जाये किसी को कोई परेशानी नही होनी चाहिए।

# रामगोपाल की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने पीएम व सीएम का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला दहन कर विरोध जताया। प्रदर्शन की शुरुआत जिला कांग्रेस भवन से हुई, जहां बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हुए। इसके बाद हाथों में पुतला लेकर कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तिरंगा चौक तक रैली निकाली। पूरे रास्ते



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए। तिरंगा चौक पहुंचने पर पुलिस ने पुतला दहन रोकने का प्रयास किया, जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच कुछ देर तक झूमाझटकी की स्थिति बन गई। इस दौरान पुतले में लगी आग की चपेट में आने से कुछ कार्यकर्ताओं के कपड़े भी झुलस गए। हालांकि, कार्यकर्ता पुलिस को चकमा देकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का पुतला जलाने में सफल रहे। घटना के दौरान कुछ समय के लिए चौक पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उनका कहना था कि रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की कार्रवाई बंद नहीं हुई तो कांग्रेस प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज करेगी। प्रदर्शन में सन्नी मेमन, राजेश साहू, छगन यादव, जुनेद खान, योगेश बघेल, अमित मिरि, अहसन मेमन, सौरभ ठाकुर, प्रेम यादव, मधु हरपाल, नंदू गोस्वामी, कादर हिंगोरा, चंद्रभूषण चौहान, उत्तम यादव, भानु सिन्हा, पंकज सिन्हा, मुकेश यादव, निक्की यादव, देवेन्द्र यादव, अनीश मेमन, अमन दास मानिकपुरी, झनकार यादव, सौरभ यादव, नरेन्द्र सिन्हा सहित जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे घटनाक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।



## खबर संक्षेप

### सीईओ ने किया मैनपुर के दूरस्थ अंचलों का दौरा



**मैनपुर।** गरियाबंद जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर ने मैनपुर दूरस्थ क्षेत्रों के अलावा देवभोग क्षेत्र का दौरा कर पंचायतों में चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया और प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया साथ ही आवास निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया।

### भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ के वरूण बने संयोजक

**अभनपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव द्वारा छत्तीसगढ़ भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें अभनपुर के वरुण राठी को रायपुर ग्रामीण व्यवसायी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर वरुण राठी ने



संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से करेंगे। उन्होंने संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, विधायक इंद्रकुमार साहू, चंद्रशेखर साहू, जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, जिला महामंत्री संतोष शुक्ला सहित अभनपुर भाजपा मंडल, सभी कार्यकर्ताओं, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उनकी नियुक्ति पर मंडल अध्यक्ष भरत बैस, प्रदीप शर्मा,महामंत्री गौरव शर्मा, सूरज लाल साहू, दिलीप अग्रवाल,सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल,किशन शर्मा,सुनील प्रसाद, विवेक तिवारी, धनेश्वर साहू, पार्षद मीना साहू, चम्पा लेदेकर, रूपनारायण साहू, गब्बू ध्रुव,गोयल भट्ट, राजा रॉय, संतोष सिन्हा, हेमंत तारक, वेदव्यास तारक, लीलेश सिन्हा, ज्ञानप्रकाश चन्द्राकर, झड़ी पटेल,उमेश साहू एवं देवेंद्र वर्मा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

**सुविधा :** रात्रि में बेहतर बिजली मिलने से ग्रामीणों और विद्यार्थियों को होगा लाभ

# टाइगर रिजर्व क्षेत्र के 14 ग्राम पंचायतों में सौर संयंत्रों की मरम्मत का काम युद्ध स्तर पर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत उदंती-सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के सौर विद्युतीकृत ग्रामों में सोलर पॉवर प्लांट जो कि लगभग 15-20 वर्ष पुराने हो चुके हैं। इस प्लांट के सोलर पैनलों के विद्युत जनरेशन क्षमता अत्यंत कम होने के कारण ग्रामीणों को रात्रि के समय कुछ ही घंटे तक विद्युत व्यवस्था मिल पा रहा है, साथ ही साथ विभिन्न संयंत्र के बैट्री बैंक भी पुराने हो चुके है। जिनके कारण ग्रामवासियों को रात्रि के समय अधिकांश समय अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ रहा था। राजापड़ाव क्षेत्र के सभी ग्रामवासियों द्वारा क्षेत्र में मूलभूत सुविधा मुहैया कराने की लगातार मांग की जा रही है। जिसमें प्रमुख रूप से विद्युत व्यवस्था, पक्की सड़क, पुल—पुलिया तथा स्कूल भवन के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाएं भी शामिल है।

**14 घंटे का नेशनल हाईवे जाम और फिर खून से लिखा पत्र-** इस संबंध में कुछ माह पूर्व नेशनल हाईवे एनएच-130 राजापड़ाव क्षेत्र में 14 घण्टे चक्काजाम कर आवागमन बाधित कर अपनी नाराजगी जाहिर कर शासन-प्रशासन को अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। इसके पश्चात विगत माह क्षेत्र की आम जनता द्वारा अपने खून से पत्र लिखकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को अपनी पीड़ा से अवगत कराते हुए उचित कार्यवाही के लिए अनुरोध किया गया था। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री कार्यालय एवं मुख्यमंत्री द्वारा इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेते हुए क्रेडा के माध्यम से उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में स्थापित सोलर पॉवर प्लांट को तात्कालिक रूप से कार्यशील करने के लिए त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। प्राप्त निर्देश के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्रेडा प्रधान कार्यालय द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए फिल्ड अधिकारियों को तत्काल संयंत्रों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने को निर्देशित किया गया।

### सर्वे के बाद 40 संयंत्रों का कायाकल्प, क्रेडा ने जिला स्तर पर शुरू किया काम

जिसके तहत पुराने संयंत्रों के सोलर पैनल, बैट्री बैंक, इन्वर्टर एवं जर्जर कंट्रोल रूम मरम्मत इत्यादि कार्यों को प्राथमिकता क्रम में लेते हुए प्रथम चरण में 14 ग्राम पंचायतों के आश्रित ग्रागों में 40 सौर संयंत्रों को दूरूस्त करने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया। जिसकी स्वीकृति क्रेडा प्रधान कार्यालय द्वारा प्राप्त हो चुकी है। संयंत्र सुधार की कार्यवाही क्रेडा जिला कार्यालय स्तर पर शुरू कर दिया गया है। राजापड़ाव क्षेत्र के सौर संयंत्रों के मेंटेनेंस के लिए प्रथम चरण में लगभग 15-20 वर्ष पुराने सौर संयंत्र जिनके सोलर मॉड्यूल, बैट्री बैंक, इन्वर्टर तथा कंट्रोलर रूम के मरम्मत इत्यादि कार्य के लिए इन ग्रामों जैसे साहेबिनकछार, नागेश, करलाझर, कोदोमाली, गौरगांव, लाटापारा, झोलाराव, गरहाडीह, बोरईडीह, मोंगराडीह, कुचेंगा,



भाटापानी, गरिबा, गाजीमुडा, बरगांव (कुरूभाठा), डूमरपडाव जागडा, बरगांव (कोकडी), कोकडी, नगबेल, छिन्दभरी, कोदोमाली, तौरंगा, जुगाड, बुडगेलटप्पा, डुमरघाट, रक्षापथरा, आमामोंरा, ओड एवं कमारभौंदी सहित अन्य ग्रामों के पुराने संयंत्रों को शामिल किया गया है तथा अन्य शेष ग्रामों के सौर संयंत्रे के लिए शासन स्तर से राशि मांग के लिए बजट में शामिल करने के लिए क्रेडा की ओर से प्रस्ताव प्रेषित की गयी है।



जिसकी शासन स्तर से स्वीकृति शीघ्र मिलने की संभावना है। पुराने सौर संयंत्रों के सोलर पैनल, बैट्री बैंक, इन्वर्टर इत्यादि बदलने से संयंत्र में क्षमता अनुरूप विद्युत उत्पादन होगा जिससे ग्रामीणों को रात्रि के समय में अधिक समय तक इन संयंत्रे से प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगा। जिससे ग्रामीणों को अंधेरे से मुक्ति मिलेगी तथा बच्चों को रात्रि के समय अध्ययन के लिए प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगा।

## शिविर में साइबर ठगी से बचने छात्रों को दिए टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अग्रणी बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा, गरियाबंद के तत्वावधान में वित्तीय समावेशन अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीपदर में साइबर जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बैंकिंग सेवाओं का महत्व, नियमित बचत की आदत, बजट निर्माण, वित्तीय योजना, आवश्यकता के अनुसार समझदारीपूर्वक ऋण लेना एवं समय पर ऋण का भुगतान करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा प्रधानमंत्री जनधन योजना के लाभों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। इस दौरान डिजिटल बैंकिंग और साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपाय के बारे में बताए गए। विद्यार्थियों को समझाया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाता, एटीएम कार्ड, सीवीवी, पासवर्ड अथवा अन्य व्यक्तिगत बैंकिंग जानकारी साझा न करें। इसके अलावा फर्जी लिंक, संदिग्ध कॉल, मैसेज एवं ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी गई। शिविर को संबोधित करते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) केएम सिंह एवं प्रेमलाल साहू, वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी), लीड बैंक गरियाबंद ने विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल लेन-देन, बैंकिंग सेवाओं के प्रभावी उपयोग तथा वित्तीय अनुशासन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि वित्तीय साक्षरता और साइबर जागरूकता आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। जिससे लोग आर्थिक रूप से सशक्त होने के साथ-साथ साइबर अपराधों से भी सुरक्षित रह सकते हैं। साइबर ठगी के शिकायत हेतु 1930 में कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जिला पंचायत की बैठक में हंगामा, काले छाते के साथ विपक्ष का अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ने नकटी गांव के प्रभावित परिवारों का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए काला कपड़ा एवं काला छाता के साथ सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध में जिला पंचायत सदस्य पूजा लोकमणी कोसले, भीनू सुजीत गिधौड़े, कविता-हेमंत कश्यप एवं हरिशंकर निषाद भी शामिल रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर प्रभावित परिवारों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और उनके न्यायपूर्ण पुनर्वास की मांग की। यशवंत साहू ने कहा कि जब किसी गरीब के सिर से उसकी छत छीन ली जाती है, तब बरसात में एक छाता ही उसका सहारा बन जाता है। इसलिए प्रदर्शन में काले



छाते का उपयोग उन बेघर परिवारों की पीड़ा, संघर्ष और मजबूरी को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिए किया गया, जो आज भी खुले आसमान के नीचे जीवन-यापन करने को विवश हैं। उन्होंने सामान्य सभा में मांग की कि नकटी गांव के सभी प्रभावित परिवारों को तत्काल पुनर्वास, आर्थिक सहायता एवं सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि विकास का अर्थ गरीबों को बेघर करना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन देना होना चाहिए। जिला पंचायत सदस्य पूजा लोकमणी कोसले ने कहा कि बरसात के मौसम में किसी भी परिवार का बेघर होना अत्यंत पीड़ादायक है। शासन को संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत और सम्मानजनक पुनर्वास उपलब्ध कराना चाहिए। जिला पंचायत सदस्य भीनू-सुजीत गिधौड़े ने कहा कि प्रशासनिक कार्रवाई के साथ मानवीय संवेदनाओं का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है।

### एचपीवी टीकाकरण सप्ताह 13 से

**महासमुंद।** राज्य कार्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार जिले में 13 से 18 जुलाई 2026 तक एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। अभियान में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी टीका लगाया जाएगा। अभियान की तैयारियों एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. आई. नागेश्वर राव की अध्यक्षता में ऑनलाइन समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिले के सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक बीईइ सहित संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में टीकाकरण अभियान के माइक्रोप्लान, पात्र हितग्राहियों की पहचान, वैक्सीन की उपलब्धता, कोल्ड चेन प्रबंधन, टीकाकरण सत्रों के संचालन, यू-विन पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्टि, जन-जागरुकता गतिविधियों तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

## जपं छुरा में किसानों की आय बढ़ाने योजनाओं के क्रियान्वयन पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जनपद पंचायत छुरा की कृषि स्थायी समिति की बैठक सभापति उत्तरा अशोक पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समिति की सदस्य मुगेश्वरी ठाकुर, महेंद्र ध्रुव, नारायण सिन्हा एवं संतोषी नेताम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं किसान हित से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा करना तथा किसानों तक इन योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देना रहा। बैठक में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी भावेश कुमार शांडिल्य ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर दलहन मिशन के अंतर्गत अरहर बीज वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा नेशनल मिशन ऑन



ऑयलसीड्स के तहत मूंगफली प्रदर्शन कार्यक्रम, कृषक उन्नति योजना, फर्टिलाइजर फ्रेमवर्क तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की पात्रता, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने किसानों से योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की अपील भी की। उद्यान विभाग की ओर से प्रभारी उद्यान अधीक्षक सुनील कुमार साहू ने विभाग द्वारा संचालित फल, सब्जी एवं बागवानी विकास योजनाओं, पौधरोपण, ड्रिप सिंचाई, संरक्षित खेती तथा विभिन्न अनुदान योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। पशुधन विकास विभाग की ओर से पशु चिकित्सा अधिकारी के.पी. शर्मा ने पशुपालन, डेयरी विकास, टीकाकरण, पशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा विभागीय सहायता योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पशुपालन किसानों की आय बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है और विभाग लगातार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पशुपालकों को सहयोग प्रदान कर रहा है।

## बारुला स्कूल में प्रबंधन समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

प्राथमिक शाला बारुला में बुधवार को शासन के निर्देशानुसार शाला प्रबंधन समिति का गठन एवं समिति द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा,दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया।बैठक की अध्यक्षता प्रधान पाठक श्रीमती लता धुरव ने की।सर्वसम्मति से श्री जगन्नाथ गुप्ता को अध्यक्ष एवं केसर साहू को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।नवगठित समिति ने विद्यालय के शैक्षणिक उन्नयन, छात्र उपस्थिति, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विद्यालय को आदर्श बनाने का संकल्प लिया। गठन के पश्चात समिति के तत्वावधान में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता एवं उपाध्यक्ष केसर साहू के साथ समस्त सदस्यों, शिक्षकों एवं बच्चों ने



विद्यालय प्रांगण में नीम, पीपल, बरगद, आम एवं अशोक के पौधे लगाए। इस अवसर पर प्रधान पाठक श्रीमती लता धुरव ने कहा कि समिति ने बच्चा एक पौधा का संकल्प लिया है।हम यह सुनिश्चित करेंगे की प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल की जाए और विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाया जाए। अध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता ने कहा कि ष्शिक्षा के साथ—साथ पर्यावरण संरक्षण भी हमारी प्राथमिकता है। समिति प्रत्येक माह वृक्षारोपण करेगी और बच्चों को प्रकृति से जोड़ने का कार्य करेगी। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को जल संरक्षण एवं पौधों की देखभाल की शपथ दिलाई गई।प्रधान पाठक ने सभी सदस्यों को इस सराहनीय कार्य के लिए बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर नवगठित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य-अध्यक्ष-जगन्नाथ गुप्ता, उपाध्यक्ष केसर साहू, सदस्यगण-अशोक साहू, तेजराम साहू, राधिका साहू, कौशल्या साहू, रुक्मणी साहू, अनीता बांधे, कामिनी साहू, हीरावन लाल साहू, कमलकान्त सेन, मोती ध्रुव एवं समस्त पालकगण, प्रधान पाठक लता ध्रुव एवं समस्त शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कुर्मी समाज की राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 9 अगस्त को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आगामी 9 अगस्त 2026 को राज्य स्तरीय वृहद सामान्य ज्ञान परीक्षा छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिभा खोज प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा के प्रचार-प्रसार और तैयारियों की रूपरेखा तय करने के लिए गरियाबंद विश्राम गृह में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रतियोगिता के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य समाज के युवाओं और प्रतिभावान छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें भविष्य के लिए एक बेहतर और मजबूत प्लेटफॉर्म प्रदान करना है। प्रदेश स्तरीय इस परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक छात्र-छात्राएं 31 जुलाई 2026 तक अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कर सकते हैं। यह परीक्षा



9 अगस्त को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में एक साथ आयोजित की जाएगी जिससे कुर्मी समाज के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। इसके रजिस्ट्रेशन के लिए गूगल फॉर्म की सुविधा जारी की गई है जिसका रजिस्ट्रेशन शुल्क 50 रुपए निर्धारित है। पोस्टर विमोचन के इस विशेष अवसर पर प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख विशेष रूप से गरियाबंद पहुंचे। बैठक और विमोचन कार्यक्रम में जिले के प्रमुख सामाजिक पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया जिनमें मुख्य रूप से कुर्मी समाज जिला गरियाबंद के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा,मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई गरियाबंद के अध्यक्ष गुलाब सिंह वर्मा, चंद्रनाहु कुर्मी समाज दुल्ला उपक्षेत्र छुरा के अध्यक्ष लोकेश चंद्राकर, जिला महामंत्री कुर्मी समाज जिला गरियाबंद भानुप्रताप भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष कुर्मी समाज जिला गरियाबंद पोषण वर्मा आदि शामिल रहे।

**प्रतियोगिता में हुई आकर्षक पुरस्कार की घोषणा -** प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को 21 हजार रुपए के पुरस्कार की घोषणा कुर्मी समाज के प्रदेशअध्यक्ष व दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल द्वारा की गई है,द्वितीय पुरस्कार 17 हजार रुपए जिला सहकारी बैंक दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन द्वारा, तृतीय पुरस्कार 15 हजार रुपए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के द्वारा घोषित की गई है। प्रतियोगिता में चतुर्थ ,पंचम और सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सामाजिक पदाधिकारियों ने कुर्मी समाज के सभी प्रतिभावान युवाओं से अपील की है कि वे इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाएं और 31 जुलाई से पहले अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाकर 9 अगस्त को होने वाली इस परीक्षा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

**नवापारा नगर पालिका में एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण**

# सभी पार्षदों के साथ मिलकर शहर हित में करें काम : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में नवनियुक्त एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में विधायक इंद्रकुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अभनपुर एसडीएम रवि सिंह ने नवनियुक्त एल्डरमैन नवल साहू, मुकुंद मेश्राम ,अन्नपूर्णा देवांगन ,गुलाब राव,कन्हैया साहू को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद विधायक इंद्रकुमार साहू ने सभी एल्डरमैन को बधाई देते हुए कहा कि नगर पालिका की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाने और जनहित के कार्यों को गति देने के लिए सरकार के प्रतिनिधि के रूप में ऐल्डरमेन का नियुक्ति किया गया है। यहां सभी पार्षदो के साथ मिलकर नगर विकास के लिए काम करें। उन्होंने अपेक्षा किया कि सभी एल्डरमैन जनता की भावनाओं के अनुरूप ईमानदारी और समर्पण भावना के साथ काम करेंगे। विधायक श्री




साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में शहरों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। नवापारा के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सड़क, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर के विकास से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर प्राथमिकता के साथ कार्य होगा और आम नागरिकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। अभनपुर एसडीएम रवि सिंह, तहसीलदार चंद्रशेखर मंडई, नगर पालिका सीएमओ लवकेश पैकरा, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश ढीढी, किसान मोर्चा रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष परदेशीराम साहू,किसान नेता चंद्रिका साहू, भाजपा नेता हितेश मंडई, सचिन सचदेव, नम्मूनारायण ध्रुव, जग्गु यादव, पूजा कंसारी,जीना निषाद, रवि साहू, लोमेश्वरी साहू,निर्मला साहू, केकती सोनवानी, पार्षद रामरतन निषाद, फागु देवांगन, अर्जुन साहू, तरूण कंसारी, अजय साहू, टिकेश्वर गिलहरे, दीपाली राजपूत, हेमंत साहनी, बॉबी चांवला, संजीव सोनी, धनमती साहू,नीता धीवर सहित पालिका स्टॉफ निखिल चंद्राकर, नवीन साहू, रोशन साहू, धमेंद्र साहू, बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी ने कहा कि पांच एल्डरमेन के नियुक्ति होने से शहर में विकास कार्य और अधिक तेजी से होगा। कहा कि नगर विकास के लिए पूरा परिषद कृतसंकल्पित है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411